# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

17/08/19

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Punjab Kesari , Delhi**



## सीएम केजरीवाल ने फहराया झंडा, जवानों के बीच बांटी मिठाइयां

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अपने दिल्ली आवास में झंडा फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के और भी कई नेता उपस्थित रहे। केजरीवाल ने झंडा फहराने के बाद दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच मिठाई वितरण भी की।



**I Next Prayagraj (U.P.)**

# छात्राओं ने जवानों को बांधा रक्षासूत्र

शांतिपुरम स्थित 101 बटालियन द्रुत कार्य बल मे स्वतंत्रता दिवस के साथ रक्षा बंधन सेलीब्रेट किया गया. यहां श्री नारायण बालिका आश्रम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने आरएएफ के अधिकारियों व जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की. कमांडेंट आरके निगम ने अलंकृत वाहिनी में ध्वजारोहण कर जवानों को सम्मानित किया. बार काउंसिल ऑफ उप्र के परिसर मे अध्यक्ष हरि शंकर सिंह ने ध्वजारोहण किया.

**Dainik Jagran Prayagraj (U.P.)**

# वीरता पुरस्कार से अलंकृत अधिकारियों और जवानों का किया गया सम्मान

**जासं, प्रयागराज** : 101 बटालियन आरएएफ के कमांडेंट आरके निगम ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर वीरता पुरस्कार से अलंकृत वाहिनी के अधिकारियों और जवानों को सम्मानित किया। वहीं श्रीनारायण आश्रम बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने अधिकारियों और जवानों को रक्षासूत्र बांधा। इस मौके पर कावा अध्यक्ष सुनीता निगम, उप कमांडेंट पवन कुमार, दीपक कुमार, मुकेश पांडेय आदि थे। वहीं 18वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की ओर से वाहिनी परिसर परेड का आयोजन किया गया। कमांडेंट अमित कटियार और कमांडेंट डा. शशि मेहर ने सुबह आठ बजे ध्वाजारोहण किया। इस मौके पर स्कूल के संचालन अंशुमान सिंह, नीलम सिंह, अनमोला सिंह आदि थे। इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस पर ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ फाफामऊ में डीआईजी मनीष कुमार सच्चर ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर एएन पांडेय, बीएस शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, रोहित पाठक, विजय यादव, अजय पाल, सुचेता रावत आदि थे।

## Dainik Bhaskar , Jamshedpur (Jharkhand)

DB स्टार

# सिटी ACTIVITY

JAMSHEDPUR, SATURDAY, 17/08/2019 . 2



स्वतंत्रता दिवस पर गोपाल मैदान में हुआ जिले का मुख्य समारोह, मंत्री ने फहराया तिरंगा, परेड की ली सलामी

## सरयू ने कहा- संसाधन की कमी के बाद भी केंद्र की योजनाओं को राज्य सरकार कर रही है लागू

मशेदपुर • स्वतंत्रता दिवस पर गुरुवार को गोपाल मैदान, ष्टुपुर में आयोजित जिले के मुख्य समारोह में मंत्री सरयू य ने रघुवर दास सरकार की सराहना की। झंडोत्तोलन के बाद कहा - केंद्र की योजनाओं को राज्य सरकार बखूबी जमीनी स्तर पर क्रियान्वित कर रही है। मानव संसाधन की कमी के बावजूद अधिकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं। राज्य व जिला स्तर पर कोई बड़ा भ्रष्टाचार सामने नहीं आया है। निचले स्तर के कुछ अधिकारियों की शिकायतें ही मिलती हैं। मौके पर उन्होंने परेड की सलामी ली।

वैश्य महासम्मेलन ने जुगसलाई में मनाया दिव




## Prabhat Khabar Jamshedpur (Jharkhand)

# आरएएफ कैंप परिसर में मना स्वतंत्रता दिवस

**नरवा .** आरएएफ 106 बटालियन कैंप परिसर सुंदरनगर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के विभिन्न कार्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया . मुख्य अतिथि उप महानिरीक्षक आशु शुक्ला ने झंडा फहराया . मुख्य अतिथि श्री शुक्ला तथा रैफ 106 बीएन के कमांडेंट पीके सिंह ने तीरंगे झंडे को सलामी दी .

## Prabhat Khabar Deoghar (Jharkhand)




दूसरी सोमवारी पर जलार्पण करने के लिए बाबा मंदिर जाते कांवरिये. एक-एक कर कांवरियों को बाबा मंदिर में प्रवेश करते पुलिस के जवान.




सावन के पहले सोमवारी पर जलार्पण करने के लिए कड़ी धूप में भी कांवरियों का उत्साह चरम पर रहा.

## Amar Ujala Prayagraj (U.P.)

### १०१ बटालियन द्रुत कार्य बल ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

१०१ बटालियन द्रुत कार्य बल गंगा जमुनी तहजीब के प्रहरी शान्तिपुरम में १५ अगस्त को ७३० वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। वाहिनी के क्वाटर गार्ड में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरान्त आरके निगम कमाण्डेन्ट-१०१ द्रुत कार्य बल द्वारा उन सभी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल व द्रुत कार्य बल के कार्मिकों के नाम की उद्घोषणा किया। वाहिनी में इस अवसर पर खेल कूद का भी आयोजन किया गया।


## Prabhat Khabar Jamshedpur (Jharkhand)

### बिष्टुपुर गोपाल मैदान में मंत्री सरयू राय ने किया झंडोत्तोलन, परेड की सलामी ली

# ग्रेटर जमशेदपुर बसाने की है जरूरत

लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर

बिष्टुपुर गोपाल मैदान स्थित जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री सरयू राय ने झंडोत्तोलन किया और परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राय ने जमशेदपुर के बदले ग्रेटर जमशेदपुर बनाने और कांड्रा से लेकर घाटशिला तक की समग्र योजना बनाने की आवश्यकता बतायी. कहा कि मानगो नगर निगम एवं जुगसलाई नगर परिषद के चुनाव नहीं हुए हैं. इस साल के अंत या नये साल के शुरुआत में चुनाव होने की उम्मीद है. जेएनएसी (जमशेदपुर) में भी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार काम कर रही है. श्री राय ने कहा कि देश के टुकड़े-टुकड़े नारे लगाने वाले गैंग को पुलिस-अर्धसैनिक बलों के जवानों ने नियंत्रित कर दिया है और अब जेएनयू में नारे लगने बंद हो गये हैं. राय ने कहा कि सूचना के बावजूद कोताही बरतने पर भ्रष्टाचार का उदय होता है. यह नहीं कह सकते कि प्रशासन पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त हो गया है, राज्य एवं जिला स्तर पर कुछ त्रुटियां हैं, कमियां दिखाई पड़ रही हैं, सरकार सचेष्ट है, पदाधिकारी तत्पर हैं और न्यूनतम भ्रष्टाचार और न्यूनतम कमी पर हम काम कर रहे हैं. इस अवसर पर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, एसएसपी अनूप बिरथरे, डीडीसी विश्वनाथ चौधरी, सिटी एसपी सुभाष चंद्र जाट, एसडीओ चंदन कुमार समेत सभी प्रशासनिक पुलिस-पदाधिकारी मौजूद थे. कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को



### बीडीओ, थाना प्रभारी व मुखिया समेत कई हुए सम्मानित

## Hindustan Prayagraj (U.P.)

**आरएएफ के जवानों को किया गया सम्मानित :** फाफामऊ। शांतिपुरम फाफामऊ स्थित 101 आरएएफ बटालियन में 73 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कमांडेंट आरके निगम ने क्वार्टर गार्ड में ध्वजारोहण किया। विभिन्न क्षेत्रों में वीरता हासिल करने वाले जवानों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कावा अध्यक्षा सुनीता निगम सहित आरएएफ के जवान मौजूद रहे। जवानों को भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन। भाई की कलाई पर ऐसे बंधा नेह का बंधन। कॉलेज की छात्राओं ने रक्षासूत्र बांधकर रक्षा करने का वायदा लिया। इसी तरह विनीता हॉस्पिटल प्रांगण में हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर बिंदु विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया।



शांतिपुरम फाफामऊ स्थित आरएएफ परिसर में जवानों को रक्षासूत्र बांधती छात्राएं।

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF







**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**